

श्योपुर ने रचा इतिहास

# 12वीं परीक्षा में ग्वालियर चंबल संभाग में प्रथम, परिणाम 80 प्रतिशत के पार

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 15 अप्रैल.** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में श्योपुर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। जिले का कुल परीक्षा परिणाम लगभग 80.06: (नियमित) दर्ज किया गया, जो राज्य के औसत 76.01 से बेहतर है। विशेष रूप से, जिले के शासकीय विद्यालयों का परिणाम 86.99: रहा, जो निजी विद्यालयों के 68.57: परिणाम से लगभग 18.42: अधिक है। यह उपलब्धि शासकीय विद्यालयों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शिक्षकों की मेहनत को दर्शाती है।

ग्वालियर चंबल संभाग में श्योपुर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 12 वीं में शासकीय विद्यालयों के परीक्षा परिणाम संपूर्ण ग्वालियर चम्बल संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व का विषय है। राज्य स्तरीय रैंकिंग में श्योपुर जिले के शासकीय विद्यालयों के परीक्षा परिणाम के आधार पर 12वां स्थान प्राप्त हुआ है। गत वर्ष की तुलना में जिले के परिणाम में लगभग 3.79:: की वृद्धि दर्ज की गई है जो निरंतर शैक्षणिक सुधार को दर्शाता है। जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर समस्त प्राचार्यों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा भविष्य में और बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए विशेष रणनीतियाँ लागू की जाएंगी।

| | NAME OF STUDENTS | PARSENTAGE |
|---|---|---|
| FIRST POSITION | ANANT GOYAL | 95.8 |
| | LAVKUS RAWAT | 95.8 |
| | SATENDRA RAWAT | 95.8 |
| SECOND | RAHUL RATHOR | 94.4 |
| THIRED | VIKASH JATAV | 93.2 |

## कलेक्टर ने दी बधाई

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में 12वी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 80 .06 प्रतिशत तथा 10वी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 71 .37 प्रतिशत रहा है। शासकीय अंबिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर की 12वी की छात्रा संजना धाकड़ ने 96 .06 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश स्तर की मेरिट में दसवां स्थान हासिल किया है। उन्हौन कलां समूह में 500 में से 483 अंक प्राप्त हुये है। इसी प्रकार शासकीय मॉडल उमावि विजयपुर के छात्र अमित कुशवाह ने 10वीं की परीक्षा में 98 .20 प्रतिशत अंको के साथ राज्य स्तरीय मैरिट में 9वां स्थान हासिल किया है। उन्है 500 में 491 अंक प्राप्त हुये है। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने बोर्ड परीक्षाओं में उतीर्ण जिले के सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। इसी प्रकार असफल विद्यार्थियों से अपील की है कि यह कोई आखरी परीक्षा नही है, असफलता ही हमें सफलता का मार्ग दिखाती है। इसलिए निराश न हो, बल्कि दोगुनी मेहनत करके आगामी समय में बेहतर परिणाम हासिल करें। अपना हौसला बनाये रखे।

जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा अंतर्गत नियमित विद्यार्थी श्रेणी में कुल 5 हजार 734 परीक्षार्थियों में से 4 हजार 92 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहें, 3 हजार 281 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 810 द्वितीय श्रेणी में तथा 1 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में सफल हुए है। जिले में 10 वीं का परीक्षा परिणाम 71 .37 प्रतिशत रहा है। इसी प्रकार हायर सैकेण्डरी परीक्षा परिणामों में 4 हजार 283 परीक्षार्थियों में से 3 हजार 429 उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 3 हजार 63, द्वितीय श्रेणी में 366 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये है। इस परीक्षा का परिणाम जिला स्तर पर 80 .06 प्रतिशत रहा है।

उन्होने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा की जिला स्तरीय मेरिट सूची में तन्वी सप्रा एवं कार्तिक बंसल प्रथम, पूनम नागर, यश्वी महाजन, विष्णु रावत एवं खुशी रावत द्वितीय तथा प्रियंका शर्मा, हर्षा पलिया, भारती मंगल एवं सौरभ राठौर ने समान अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।



इसी प्रकार हायर सैकेण्डरी परीक्षा की संकाय वार जिला स्तरीय मेरिट सूची में कला समूह से श्रीति बंसल प्रथम एवं माहिनी जादौन द्वितीय स्थान पर रही है।, विज्ञान समूह में कुशाग्र मित्तल प्रथम एवं रिषभ बंसल द्वितीय स्थान पर रहे है। गणित समूह में विनायक गोयल एवं तानिया मंगल तृतीय स्थान पर रहे है। वाणिज्य समूह में तनीशा जाट प्रथम एवं जाग्रती मंगल द्वितीय स्थान पर रहे है तथा कृषि समूह में कृष्णा राठोर एवं ज्योति माली ने प्रथम स्थान हासिल किया है।

### उत्कृष्ट रहा सांदीपनि विद्यालय का परीक्षा परिणाम

शासकीय सांदीपनि विद्यालय श्योपुर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। प्राचार्य अशोक खण्डेलवाल ने बताया है कि 12वीं कक्षा परीक्षा परिणाम 98 .57 प्रतिशत रहा है। 70 विद्यार्थियों में से 69 विद्यार्थी सफल रहे है। इसी प्रकार 10वीं का परीक्षा परिणाम 91 .43 रहा है। कुल 70 विद्यार्थियों में से 64 ने सफलता अर्जित की है।

### कन्या परिसर के 95 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

जनजाजीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर ढेंगदा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। उक्त विद्यालय में अध्ययनरत आदिवासी बालिकाओं ने बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुये सफलता अर्जित की है। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री राकेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में उक्त विद्यालय का कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा है। इसी प्रकार 12वीं की कक्षा में 91 प्रतिशत आदिवासी बालिकाओं ने सफलता पाई है। प्राचार्य सुश्री कामनी पाठक ने बताया है कि गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम तीन गुना बेहतर रहा है तथा विद्यालय में अध्ययनरत आदिवासी छात्राओं ने 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की है।

# नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 15 अप्रैल.** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल कियान्वयन हेतु माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता के मार्गदर्शन में ड ।ब्ज् ज्त्प्ठन्छ ।स् के पीठासीन अधिकारी, बीमा कंपनी एवं क्लेम के अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. भवन में किया गया।

उक्त बैठक में उपस्थित बीमा कंपनीएवं क्लेम के अधिवक्तागण से क्लेम के प्रकरणों, व अन्य राजीनामा योग्य मामलों का उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक निराकृत किये जाने हेतु चर्चा की गई। साथ ही उक्त नेशनल लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर माननीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी, नेशनल लोक अदालत, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ, प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सचिव जिला अभिभाषक संघ व बीमा कंपनी एवं क्लेम के अधिवक्तागण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक 16 अप्रैल को

**श्योपुर, 15 अप्रैल.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक 16 अप्रैल को सायं 04 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने बताया कि रोगी कल्याण समिति की बैठक में सभी कार्यकारणी सदस्यो को आमंत्रित किया गया है।




# कलेक्टर ने दिखाई नारी शक्ति वंदन रैली को हरी झंडी

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 15 अप्रैल.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से नारी शक्ति वंदन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन स्कूटी रैली का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती शशिकिरण इक्का, सहायक संचालक शिक्षा श्रीमती मधु शर्मा, डीपीओ महिला बाल विकास महेन्द्र कुमार अम्ब, सहायक संचालक रिशु सुमन, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा सहित अन्य अधिकारी तथा महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाईजर, आंगनबाडी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रही। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाडा मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन जारी है। इसी क्रम में आज नारी शक्ति वंदन स्कूटी रैली का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर से श्री हजारेश्वर महादेव मेला मैदान तक किया गया, जिसमें बडी संख्या में महिलाएं स्कूटी पर सवार होकर महिला जागरूकता से संबंधित स्लोगन की तख्तीया लेकर निकली।

# परम्परागत जल स्त्रोतों एवं प्राचीन कुओं एवं बावडियों का संरक्षण करें :कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 15 अप्रैल.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अभियान के तहत समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जायें तथा परम्परागत, प्राकृतिक जल स्त्रोतों, प्राचीन बावडियों, कुओं के संरक्षण के लिए आमजन को प्रेरित किया जायें, इसके साथ ही कुओं एवं बावडियों का जीर्णोद्धार कराया जायें, जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई के कार्य किये जाये और सघन रूप से वृक्षारोपण कराया जायें।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान डीएफओ सामान्य केएस रंधा, कूनो आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम बीएस श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।



कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून की अवधि तक संचालित है, जिसके तहत पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार तथा नवीन तालाबों के कार्य आवश्यकतानुसार लिये जायें, क्षेत्र की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए वृक्षारोपण कराया जायें तथा पौधों को बडा होने तक उचित देखभाल की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। उन्होने कहा कि अभियान के तहत हरित क्षेत्र के विकास के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले में संचालित सभी शासकीय गौशालाओं में प्राथमिकता के आधार पर प्लांटेशन किया जायें। उन्होंने कहा कि कॉलेजों के माध्यम से अमृत मित्रों का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया जायें। महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न आंगनबाडी केन्द्रों एवं भवनों पर 112 रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जा रहे है, अन्य विभाग भी अपने-अपने भवनो में इस प्रकार के सिस्टम लगाकर जल संरक्षण को बल प्रदान करें।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने अभियान अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यो के संबंध में प्रस्तुतीकरण करते हुए बताया कि इस वर्ष सभी शासकीय भवनों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का कार्य किया जा रहा है तथा जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रगतिरत कार्यो तालाब निर्माण 714, चौकडैम 170, तालाब मरम्मत 140, परकोलेशन टेंक 128, परकोलेशन पिट 74, खेत तालाब 381, डगवैल रिचार्ज 38, अमृत सरोवर 12 कुल 1657 कार्यो को पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही 5 गांवो में मियावाकी प्लांटेशन का कार्य भी शामिल किया गया है। उन्होने बताया कि एक बगिया मॉ के नाम अंतर्गत प्रत्येक विकासखण्ड में 100-100 कार्य संचालित है।

इस अवसर पर डीएफओ केएस रंधा ने जानकारी दी कि सामान्य वन क्षेत्र के 1987 हेक्टयर क्षेत्र में 40 स्थानों पर 10 लाख 53 हजार 250 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, यह वृक्षारोपण 15 जून के बाद किया जायेगा। कूनो डीएफओ श्री आर थिरूकुराल ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कूनो वन क्षेत्र में 32 कार्य संचालित है, जिनमें तालाब गहरीकरण, स्टॉप डैम तथा सौसर निर्माण के काम शामिल है।

# रेलवे स्टेशन-मेडिकल कॉलेज तक नये ऑटो रूट बनाये जायें : एडीएम

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 15 अप्रैल.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रट सभाकक्ष में आयोजित सडक सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि नवीन रेलवे स्टेशन बर्धा तथा मेडिकल कॉलेज जाटखेडा तक ऑटो के लिए नवीन रूट निर्धारित किये जायें। उन्होंने शहरी क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से चंबल दाहिनी मुख्य नहर पर रेलिंग लगाये जाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को दिये।

### सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

बैठक में एसडीएम गगन सिंह मीणा, एसडीओपी राजीव गुप्ता, जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रंजना कुशवाह, यातायात प्रभारी संजय राजपूत, नायब तहसीलदार टीएल लकडा सहित पीडब्ल्यूडी, एनएच, एमपीआरडीसी, विधुत, नगरपालिका आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श करते हुए पुराने बस स्टैण्ड में ऑटो स्टैण्ड बनाने, जयस्तभ पर ऑटो स्टैण्ड को व्यवस्थित करने तथा आवश्यकतानुसार नये ऑटो रूट निर्धारित किये जाने के संबंध में निर्णय लिये गये। इसके साथ ही नाबालिग वाहन चालको पर कार्यवाही करने के संबंध में भी निर्णय लिया गया। गोरस से शिवपुरी मार्ग के निर्माण के दौरान घुमाव वाले स्थानों पर नवीन तकनीकी अपनाते हुए रोलर रैलिंग लगाये जाने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश एमपीआरडीसी के अधिकारियों को दिये गये। जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रंजना कुशवाह ने बताया कि परिवहन कार्यालय के माध्यम से 16 किलोमीटर के रेडियस में ऑटो के परमिट जारी किये जाते है, इस एरिया में नवीन रूट बनाये जाने के लिए कार्यवाही की जायेगी।

इसी प्रकार एनएच अधिकारियों ने बताया कि सिटी एरिया में शेष कार्य पूर्ण कराने के लिए 18 अप्रैल से कार्य शुरू कराया जायेगा तथा 15 दिवस में सभी कार्य पूर्ण करने के प्रयास किये जायेगे।

# जनगणना प्रशिक्षण शुरू, सीईओ ने किया अवलोकन

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 15 अप्रैल.** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में भारत की जनगणना, 2027 के सफल संचालन के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आज जिले के कुल 06 चार्ज मुख्यालयों पर एक साथ 13बैच में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्य की शुरुआत की गई है ।जिसमे प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है।

सीईओ जिला पंचायत एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती सौम्या आनन्द द्वारा तहसील श्योपुर अंतर्गत जनगणना के लिए नियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए डाईट श्योपुर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा, जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा, डाईट प्राचार्य राघवेन्द्र सिंह सिकरवार आदि मौजूद रहे।

जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) एवं मकान गणना का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में प्रगणक घर-घर जाकर निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से आवश्यक सूचनाओं का संकलन करेंगे।

जनगणना 2027 के लिए 16 अप्रैल से लोग खुद ही पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकेंगे। लोगों को घर के फर्श से लेकर छत तक की 28 प्वाइंट की जानकारी देनी होगी।



# आयुष विभाग का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 15 अप्रैल.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा भूमिया जी का सहराना आंगनवाड़ी केंद्र 14 पर होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ केबी नागर द्वारा शिविर में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा में आयुष विभाग द्वारा निर्धारित गतिविधियों में मातृ एवं शिशु पोषण, बाल मस्तिक विकास हेतु प्रारंभिक गतिविधिया (0-3 वर्ष), प्रारंभिक वर्षों में खेल आधारित शिक्षा ( 3-6 वर्ष), स्क्रीन टाइम को न्यूनतम करने में अभिभावकों एवं सामुदायिक सहभागिता,के बारे में गर्भवती धात्री महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में 45 का स्वास्थ्य परीक्षण कर होम्योपैथी औषधियों का विवरण किया गया।

# रेत एवं गिट्टी के अवैध भण्डारण पर प्रशासन की कार्यवाही

**श्योपुर, 15 अप्रैल.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम द्वारा रेत एवं गिट्टी के अवैध भण्डारण पर कार्यवाही करते हुए जैदा मंडी रोड पर 4 स्थानों पर रेत एवं गिट्टी के अवैध भण्डारण को नष्ट करने की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा रेत के अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर कडी कार्यवाही के निर्देशो के क्रम में आज खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा जैदा मंडी रोड पर 4 स्थानों पर रेत एवं गिट्टी के अवैध भण्डारण को विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गई। इस दौरान खनिज अधिकारी राजेश कुमार गंगेले एवं खनिज विभाग का अमला सहित होमगार्ड बल मौजूद रहा।



### विवाह संबंधी सेवाएं प्रदान करने से पूर्व वर-वधु आयु सत्यापन के निर्देश

**श्योपुर, 15 अप्रैल.**कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विवाह संबंधी विभिन्न सेवाएं प्रदान करने वाले सेवा प्रदाताओं के लिए निर्देश जारी किये गये है कि सेवा प्रदान करने से पूर्व वर-वधु की आयु सत्यापन वैद्य दस्तावेजो के माध्यम से करलें। बाल विवाह को लेकर विशेष सर्तकता बरते जाने तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुरूप विवाह आयोजनों में सम्मलित होने वाले आयोजन से जुडे व्यक्तियों, को भी जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपनी बुकिंग वर-वधुओं की आयु (18 वर्ष लडकी की एवं 21 वर्ष लडके की) देखकर ही करें।


भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

**कनिष्ठ अभियंता (सिविल/इलेक्ट्रिकल) की भर्ती – 2026**

भारतीय रिज़र्व बैंक, अपने विभिन्न कार्यालयों में कनिष्ठ अभियंता (सिविल/इलेक्ट्रिकल) के 11 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। इस पद के लिए चयन देशव्यापी केंद्र-वार ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा और भाषा दक्षता परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। सम्पूर्ण विज्ञापन बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर अप्रैल 2026 के तीसरे सप्ताह में उपलब्ध होगा और इसे एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ / रोज़गार समाचार में भी प्रकाशित किया जा रहा है। आवेदन पत्र बैंक की वेबसाइट के माध्यम से केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

**महत्वपूर्ण तारीखें:**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अवधि | 16 अप्रैल 2026 - 06 मई 2026 |
| ऑनलाइन परीक्षा की तारीख (अनंतिम) | 06 जून 2026 |

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल / एसएमएस / टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"



**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री राजेंद्र श्रीमती मिथलेश राजेंद्र डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10524139) | पटवारी हल्का क्र. 86, क्षेत्रफल 1600 वर्गफुट, स्थित ग्राम पंचमपुरा, ग्राम पंचायत बस्तारी, तहसील सिटी सेंटर, जिला ग्वालियर, म.प्र., 475002, भारत। क्षेत्रफल (वर्गफुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीन क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 1600.00, 1200.00, 960.00 | रू. 500795/- पॉच लाख सात सौ पिनच्यानवे मात्र | 16-10-2025 | 10-04-2026 |
| श्री विवेक सिंह श्रीमती ममता विवेक किराना स्टोर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10464189) | मकान संख्या 219, ग्राम लुहारी, भीतरवार, ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 475220, भारत। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 1800.00, 1400.00, 1750.00 | रू. 521733/- पॉच लाख इक्कीस हजार सात सौ तैंतीस मात्र | 24-10-2025 | 10-04-2026 |
| श्री राम हजूर पाल श्रीमती सखी राम हजूर पाल दूध डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10493265) | मकान संख्या 35, स्कूल के पास, ग्राम-बिदानिया, तहसील और जिला - दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, पिन नंबर 475686। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 1200.00, 480.00, 600.00 | रू. 478365/- चार लाख अठहत्तर हजार तीन सौ पैंसठ मात्र | 11-06-2025 | 10-04-2026 |
| श्री दयाल सहरिया श्रीमती असर्फी दयाल दुग्ध डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10461721) | मकान संख्या 90 - पटवारी हल्का संख्या 08, ग्राम खरगोली पोस्ट बागवाई - तहसील भीतरवार, ग्वालियर, मध्य प्रदेश, भारत, 475220 क्षेत्रफल प्रशासनिक माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफलः 2000.00, 1200.00, 960.00 | रू. 523460/- पॉच लाख तेईस हजार चार सौ साठ मात्र | 15-05-2025 | 10-04-2026 |
| श्री राममिलन कुशवाह श्रीमती सिमा कुशवाह राममिलन मोटर वाइंडिंग सीमा राममिलन दूध केंद्र (प्रोस्पेक्ट नं. IL10562618) | वार्ड संख्या 8, मकान संख्या 634, क्षेत्रफल 1350 वर्ग फुट, नगर परिषद बडोनी, दतिया, मध्य प्रदेश में स्थित 475686 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः क्षेत्रफलः 1350 | रू. 493230/- चार लाख तेरानवे हजार दो सौ तीस मात्र | 05-01-2026 | 10-04-2026 |
| श्रीमती विनीता श्री बदन सिंह (प्रोस्पेक्ट नं. IL10582481) | पटवारी हल्का नं. 134, ग्राम उटिला, ग्राम पंचायत उटिला, तहसील मोरार, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 474006, भारत क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्रः 700.00, 676.00, 540.00 | रू. 684692/- छह लाख चौरासी हजार छह सौ बानवे मात्र | 30-07-2025 | 10-04-2026 |
| श्री नरेंद्र जोशी श्रीमती जनक किशोरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10584362) | पटवार हलखा संख्या 84, वार्ड संख्या 4, मकान संख्या 54, क्षेत्रफल (प्रशासनिक) 1500 वर्ग फुट, ग्राम इकारा, तहसील दतिया, जिला दतिया, मध्य प्रदेश-475671 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र , कालीन क्षेत्रः 1500.00, 1200.00, 960.00 | रू. 536990/- पॉच लाख छत्तीस हजार नौ सौ नब्बे मात्र | 25-10-2025 | 10-04-2026 |
| श्री गौतम कुमार विश्वकर्मा श्री मिथलेश विश्वकर्मा श्रीमती भगवानदास विश्वकर्मा, गौतम के किराना स्टोर एवं दूध डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10603260) | पटवारी हलखा संख्या 64, वार्ड संख्या 4, मकान संख्या 136, ग्राम सरसाई, तहसील भंडेर, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475671, भारत में स्थित। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 900.00, 900.00, 720.00 | रू. 534111/- पॉच लाख चौंतीस हजार एक सौ ग्यारह मात्र | 27-10-2025 | 10-04-2026 |
| श्री नवल सिंह कुशवाहा श्रीमती भूरी कुशवाहा श्रीमती रेखा कुशवाहा नवल दुग्ध केंद्र (प्रोस्पेक्ट नं. IL10615769) | ग्राम कुथार्रा, कुथार्रा, राधा कृष्ण मंदिर के पास, दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475686 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्रफल, निर्मितक्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफलः 2500.00, 990.00 | रू. 316617/- तीन लाख सोलह हजार छह सौ सत्रह मात्र | 09-01-2026 | 10-04-2026 |
| श्री पतिराम जाटव श्रीमती जसोदा जाटव (प्रोस्पेक्ट नं. IL10707512) | पटवारी हलखा संख्या 03, वार्ड संख्या 01, मकान संख्या 14, खसरा संख्या 215, ग्राम बामरोल, तहसील दतिया, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475685, भारत। क्षेत्रफल वर्ग फुट मेंः संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्रः 1075.00, 881.00 | रू. 447832/- चार लाख सैंतालीस हजार आठ सौ बत्तीस मात्र | 27-10-2025 | 10-04-2026 |
| श्री अशोक यादव श्रीमती कांति यादव (प्रोस्पेक्ट नं. IL10734696) | पटवारी हल्का क्रमांक 22, खसरा क्रमांक 188, वार्ड क्रमांक 04, मकान क्रमांक 86, ग्राम बिदानिया, तहसील दतिया, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475661, भारत क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्रः 3840.00, 1600.00 | रू. 485068/- चार लाख पिच्यासी हजार अड़सठ मात्र | 28-10-2025 | 10-04-2026 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालयः डी-1, भूतल, बसंत विहार, ग्वालियर - 474002 या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः ग्वालियर
दिनांकः 16.04.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।